# जन शिकायतों को गंभीरता से सुनें थाना प्रभारी : एसपी

**एसपी कार्यालय में किया गया जनता दर्शन का अयोजन**

**श्रावस्ती।** एसपी राहुल भाटी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को एसपी कार्यालय में जनता दर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद आदि से संबंधित 12 से अधिक शिकायतें आईं।

एसपी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनने व उनके निस्तारण के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को भेजा। एसपी ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए तय समय में निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया है। अगर किसी ने भी लापरवाही बरती तो संबंधित पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# रिश्वत मांगे तो हेल्पलाइन पर दें सूचना : एसपी

**श्रावस्ती।** एसपी राहुल भाटी ने कहा कि भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए शासन की जीरो टॉलरेंस नीति का जिले में कड़ाई से पालन कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि किसी भी कर्मचारी द्वारा रिश्वत या सुविधा शुल्क मांगे जाने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 9621993488 पर सूचना दें। सूचना मिलने पर तत्काल जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

एसपी ने जिले के सभी ग्रामीणों से भ्रष्टाचार के खिलाफ आगे आने और बेझिझक हेल्पलाइन नंबर पर सूचना देकर भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने की अपील की। (संवाद)